देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 19 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
बढ़ता गया अंतर



देहरादून, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 20.0°

74244.9

2 वक्त आने पर देंगे सही जवाब

7 सारे रिकॉर्ड हो गए तबाह

# विकास की होगी जीतः पीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बालुरघाट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। पीएम मोदी ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को सुरक्षा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन सीएए का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है।

रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं।

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। टीएमसी जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालुरघाट में आज उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार। टीएमसी को लगता है कि अगर जनता को मोदी की गारंटी से लाभ मिला तो राज्य की जनता का विकास हो जाएगा। टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए वे झूठी खबर फैला रहे हैं लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।

## हावड़ा में रामनवमी रैली को लेकर टीएमसी पर भड़के पीएम मोदी

### बंगाल को गरीब रखना चाहती है टीएमसी

बंगाल के रायगंज में उन्होंने कहा कि टीएमसी बंगाल को गरीब रखना चाहती है, जिससे उनका व्यापार फलता-फूलता रहे। ममता सरकार में अनुमति कानून से नहीं बल्कि तोलाबाज और टीएमसी के गुंडें तय करते हैं। रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने के लिए तो राज्य सरकार अनुमित नहीं दे पाती। भक्तों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है।



### रामनवमी के जुलूस को रोकने को टीएमसी रच रही साजिश

रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने राम नवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है। रामनवमी के अवसर पर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिएः ममता

जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर राज्य में अधिकारियों के तबादलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर कोई दंगा हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े हैं।'' नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान खान से सीएम शिंदे ने की मुलाकात

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में अभिनेता सलमान खान से उनके आवास पर मुलाकात के बाद कहा कि सरकार लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देगी। अभिनेता से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सलमान खान के घर पर गोलीबारी के मामले में पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

### रणदीप सुरजेवाला पर चुनाव आयोग की कार्रवाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। भाजपा सांसद हेमामालिनी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को 48 घंटे प्रचार करने से रोक दिया है। इस दौरान सुरजेवाला प्रचार करते नहीं दिखेंगे, न ही कोई रैली या जनसंपर्क कर सकेंगे। सुरजेवाला ने बीते दिनों जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद हेमामालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, 18 नक्सली ढेर

### भारी विस्फोटक बरामद, 25 लाख का इनामी कमांडर भी मारा गया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां के माड़ इलाके में पुलिस ने 18 नक्सलियों के मार गिराया है। इलाके की सर्चिंग जारी है। घटनास्थल पर भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल हुए हैं। फिलहाल घायलों की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके से 5 एके-47 बरामद की है।

कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में वोटिंग होनी है। वोटिंग से पहले सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में 3 जवान घायल हो गए हैं। यह मुठभेड़ छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में हुई। घायल जवानों को जंगल से निकाल लिया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा दल मुठभेड़ स्थल पर भेजे गए हैं।

नक्सलियों ने पहले किया था हमलाअधिकारियों ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में बीएसएफ और डीआरजी के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें दो जवान घायल हो गए। पुलिस भी नक्सलियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रही है।

गोलीबारी में सुरक्षाबलों के तीन जवान भी घायल हुए हैं, इनमें से बीएसएफ के एक जवान के पैर में गोली लगी है।

### नक्सलियों का कमांडर मारा गया

मुठभेड़ के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ स्थल से 18 शव बरामद किए गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में आधुनिक राइफल, सात एके 47 राइफल, 3 एलएमजी बरामद किये गये हैं। मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव पर 25 लाख का इनाम था।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया है। लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है।

यूपीएससी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सार्वजनिक सूचना के माध्यम से परिणामों की घोषणा की। नोटिस में लिखा है, 'संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सितंबर, 2023 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के लिखित भाग और जनवरी-अप्रैल 2024 में आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर, नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची जारी की गई है।

इस बार आईएएस सेवा के लिए 180 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिसमें 73 सामान्य वर्ग, 17 ईडब्ल्यूएस, 49 अन्य पिछड़ा वर्ग, 27 अनुसूचित जाति और 14 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। ऐसे ही आईएफएस सेवा के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिसमें 16 सामान्य वर्ग, 4 ईडब्ल्यूएस, 10 अन्य पिछड़ा वर्ग, 5 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

### घोषित

- यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने किया टॉप

### किस वर्ग के कितने उम्मीदवार?

यूपीएसी में सफलता पाने वाले 1016 उम्मीदवारों में 347 सामान्य वर्ग, 115 ईडब्ल्यूएस, 303 अन्य पिछड़ा वर्ग, 165 अनुसूचित जाति और 86 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## आप अच्छा काम कर रहें हैं लेकिन...

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी बालकृष्ण ने भ्रामक विज्ञापन मामले में पब्लिक में माफी मांगने की बात कही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इसके लिए एक हफ्ते का वक्त दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि इससे अभी मामला खत्म नहीं होगा। दोनों ही कोर्ट में मौजूद थे और बिना शर्त माफी मांगने की बात कही।

### बाबा रामदेव ने सुको के सामने लगाई गुहार

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को संज्ञान में लिया, लेकिन साफ किया कि वह इस स्टेज पर उन्हें छोड़ने का निर्णय नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को बदनाम नहीं कर सकते। योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी बालकृष्ण ने मंगलवार को सुको से कहा कि वह भ्रामक विज्ञापन के मामले में आम माफीनामा देने को तैयार हैं। सुको में इनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस मामले में पब्लिक माफीनामा देने को हम तैयार हैं। सुको के निर्देश पर दोनों कोर्ट के सामने मंगलवार को पेश हुए थे।

## न्यूज डायरी



### पहली बार ड्रैगन के दरवाजे पर तैनात की किलर मिसाइल

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने फिलीपींस में एक अभ्यास में भाग लेने के लिए पहली बार अपने टायफॉन मिसाइल प्रणाली को विदेश भेजा है। जमीन आधारित टाइफॉन टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों और एसएम –6 बहुउद्देश्यीय मिसाइलों को फायर कर सकता है। टाइफॉन का फिलीपींस में आना अमेरिका की ओर से चीन के लिए भी एक मैसेज है। अमेरिकी सेना ने फिलीपींस में टाइफॉन प्रणाली के कम से कम एक हिस्से के आने की घोषणा की है, जिसे मिड–रेंज कैपेबिलिटी (एमआरसी) के रूप में भी जाना जाता है, जहां इसने अभ्यास सालाकनिब–24 में भाग लिया। चीन की ओर से कई बार ये संदेश दिया गया है कि अमेरिका उसके पड़ोस में ज्यादा सक्रिय ना हो। चीन की चेतावनियों को दरकिनार कर अमेरिका ने फिलीपींस में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिकी सेना ने जो तस्वीरें जारी की हैं, उनमें हेवी एक्सपेंडेड मोबिलिटी टैक्टिकल ट्रक (एचईएमटीटी) के ट्रैक्टर संस्करण द्वारा खींचे गए एकल ट्रेलर–आधारित कंटेनरीकृत लॉन्चर को अमेरिकी वायु सेना सी–17ए ग्लोबमास्टर–III परिवहन विमान पर दिखाया गया है। यह पहली बार है जब टाइफॉन प्रणाली के तत्वों को एयरलिफ्ट किया और 8,000 मील से अधिक लंबी यात्रा करने में उस विमान को 15 घंटे से अधिक का समय लगा। सेना द्वारा पहले जारी की गई जानकारी के अनुसार, एक पूर्ण टायफॉन बैटरी में चार लॉन्चर, एक ट्रेलर–आधारित मोबाइल कमांड पोस्ट और अन्य सहायक वउपकरण होते हैं।

### जहाज पर मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को छोड़ेगा ईरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान ने कहा है कि उसने भारत आ रहे जहाज को समुद्री नियमों का उल्लंघन करने के लिए कब्जे में लिया है। ईरानी नौसेना के कमांडो ने बीते शनिवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास इजरायल से जुड़े जहाज एमएमसी एरीज पर कब्जा कर लिया था। पुर्तगाल का झंडा लगे इस जहाज को कब्जा करने के बाद ईरानी जल क्षेत्र में ले जाया गया है। ईरान ने जहाज पर कब्जे की कार्रवाई इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल हमले वाली रात से ठीक पहले की थी। जहाज पर चालक दल के सदस्यों में भारत के साथ ही पाकिस्तान के भी नागरिक मौजूद हैं। पाकिस्तान से आ रही मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के कब्जे वाले जहाज पर 2 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं। पाकिस्तानी नागरिकों के होने की जानकारी होने के बाद इस्लामाबाद के विदेश विभाग ने ईरान के प्रतिनिधियों से संपर्क किया, जिसके बाद ईरान ने बड़ी राहत दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने बताया है कि पाकिस्तानी चालक दल जब चाहे तब घर वापस जाने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि, यह जहाज के कैप्टन का विशेषाधिकार है कि वह अपने चालक दल को कब्जे को बोर्ड छोड़ने की अनुमति देता है। भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### इजरायल की मदद करने का खामियाजा भुगतेगा यह मुस्लिम देश!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अम्मान। जॉर्डन इकलौता मुस्लिम देश है, जिसने ईरानी हमले को रोकने में खुलकर अपनी भूमिका की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके चलते अपने उसे अपने घर में जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच अम्मान में मौजूद ईरानी राजदूत को जॉर्डन ने समन भेज दिया। ये पेशी ईरान की उस टिप्पणी को लेकर हुई, जिसमें तेहरान ने चेतावनी दी कि अगर जॉर्डन ने इजरायल की रक्षा करनी जारी रखेगा तो उसे भी हमले का सामना करना पड़ेगा। तो क्या इजरायल पर हमले के दौरान दर्जनों ईरानी ड्रोन को मार गिराने की अपनी भूमिका के चलते जॉर्डन अब दोनों देशों के तनाव के घेरे में फंस गया है। जॉर्डन की नई स्थिति बहुतों के लिए चौंकाने वाली है। जॉर्डन की सीमा इजरायल के साथ लगती है। जॉर्डन फिलिस्तीनी शरणार्थियों की सबसे बड़ी आबादी की मेजबानी करता है और ऐतिहासिक रूप से क्षेत्र में उनका सबसे बड़ा समर्थक माना जाता है। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला गाजा में चल रहे युद्ध के खिलाफ खुलकर बोलते रहे हैं। शाह के साथ ही उनकी पत्नी रानी रानिया और उनका समर्थक वर्ग फिलिस्तीन के बचाव में मजबूत बयान दे रहे हैं।

# भारत ने रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कई कदम

**कदम**

## पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा दिखाई भी की है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वाशिंगटन। शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने कांग्रेस को बताया कि 2023 में भारत ने खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया क्योंकि उसने पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा दिखाई और अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी मूल–उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस की टिप्पणी चीन का मुकाबला करने वाली रक्षा खुफिया पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान आई।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को खुफिया और विशेष अभियानों पर उपसमिति से कहा, पिछले वर्ष के दौरान, भारत ने समूह 20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया है और पीआरसी पूरे भारत–प्रशांत क्षेत्र में गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा, भारत ने प्रशिक्षण, रक्षा बिक्री और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ सहयोग को गहरा करने के माध्यम से फिलीपींस जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ इंडो–पैसिफिक में उन्नत साझेदारी की है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं।

क्रूस ने कहा, 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी मूल के उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने अपने पहले घरेलू स्तर पर निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है।

क्रूस ने कहा, रूस भारत का सबसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बना हुआ है। अपनी रक्षा अधिग्रहण साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद भारत मास्को से एस–400 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली जैसे हथियार हासिल करना जारी रखे हुए है। उन्होंने सांसदों से कहा, 2024 में, भारत शायद अपने राष्ट्रीय संसदीय चुनावों को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयास के हिस्से के रूप में मेक इन इंडिया पहल पर ध्यान केंद्रित करेगी – जिसका उद्देश्य बीजिंग का मुकाबला करना है। पाकिस्तान पर, क्रूस ने सांसदों से कहा कि उसने कश्मीर के बारे में भारत के साथ अपने विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा है।

## इजरायल पहली बार खुद की रक्षा करने में असफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। ईरान के इजरायल पर हमले के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों और हाल के समय में लिए गए फैसलों के लिए विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने उनको घेरा है। यायर लैपिड ने कहा कि जिस तरह से देश पर ईरान ने हमला किया, वो अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने इजरायल की खुद का बचाव करने की क्षमता को पूरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। लैपिड की टिप्पणी ईरान के इजरायल पर 300 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च करने के दो दिन बाद आई है।

यायर ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, श्नेतन्याहू सरकार में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ जिस तरह की हिंसा हुई, वह उनके नियंत्रण से बाहर थी। 2022 में कई पार्टियों के साथ गठबंधन के साथ सत्ता में लौटे नेतन्याहू ने बीरी से किर्यत शमोना तक विनाश ही विनाश किया है। देश के लिए जरूरी है कि शीघ्र चुनाव कराए जाएं। गाजा सीमा के पास बेरी में किबुत्ज समुदाय पर 7 अक्टूबर को हमास ने हमला कर भारी तबाही मचाई थी। इसके बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ।



बाढ़ से कजाकिस्तान के कई इलाके जलमग्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अल्माटी। यूराल नदी में पानी बढ़ने के बाद कजाकिस्तान के शहरों और कस्बों में बाढ़ आ गई है। देश के आपातकालीन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि कजाकिस्तान में बाढ़ के कारण लगभग 114,000 लोगों को घर खाली करना पड़ा है। वहीं, मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 13,500 लोग पहले ही अपने घरों को लौट चुके हैं। यूराल नदी से पश्चिम कजाकिस्तान और अत्रायु क्षेत्रों में अधिक पानी भरने की उम्मीद जताई गई थी।

# हमारे पूजा–स्थलों पर हमले हो रहेः भारतीय अमेरिकी सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■अमेरिका में हिंदू मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमलों में वृद्धि हुई

वॉशिंगटन। अमेरिका में इस साल भारतीय मूल के 11 छात्रों की मौत हो चुकी है। वहीं, यूएस में हिंदुओं के खिलाफ भी हमलों में वृद्धि हुई है। वहां के मंदिर पर हमले हो रहे हैं। इस मामले पर भारतीय–अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने चिंता जाहिर की।

वॉशिंगटन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, देश में हिंदुओं के खिलाफ हमले हो रहे हैं। सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए फेक न्यूज फैलाए जा रहे हैं। श्री थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों – रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमलों में हालिया वृद्धि की जांच की मांग की थी।

उन्होंने आगे कहा, एक हिंदू होने के नाते मुझे पता है कि हिंदू धर्म क्या है। यह एक बहुत ही शांतिपूर्ण धर्म है। यह ऐसा धर्म नहीं है जो दूसरों पर हमला करता है। हालांकि, इस समुदाय को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जाता है, गलत समझा जाता है, कभी–कभी जानबूझकर ऐसा किया जाता है। हमारे पूजा–स्थलों पर हमले हो रहे हैं। इन हमलों के आरोपियों के खिलाफ मामले भी दर्ज नहीं हो रहे।

उन्होंने कहा कि इससे समुदाय को ऐसा महसूस होता है जैसे उनकी परवाह करने वाला कोई नहीं है। इसका मतलब है कि समुदाय भय में जी रहा है। उन्होंने कहा कि समुदाय कानून प्रवर्तन से अनिवार्य रूप से कोई मदद नहीं मिलने के कारण प्रतिकूल स्थिति में रह रहा है। श्री थानेदार ने कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तन, संघीय जांच ब्यूरो और न्याय विभाग के बीच प्रयासों में समन्वय की आवश्यकता है।

श्री थानेदार ने कहा कि इस समय समुदाय के लोगों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें बताना होगा कि हम देश में समानता की मांग कर रहे हैं।

### आईडीएफ ने कहा– वक्त आने पर देंगे सही जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। ईरान ने इस रविवार को इजरायल पर बड़ी संख्या में मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। ईरान ने इसे सीरिया में अपने वाणिज्यिक दूतावास पर हुए हमले का जवाब कहा है। ईरान के हमले के बाद माना जा रहा है कि इजरायल की ओर से भी कार्रवाई हो सकती है। इजरायल क्या मिसाइल और ड्रोन के जरिए ही ईरान को जवाब देगा या फिर कुछ और तरीके भी अपना सकता है। रक्षा क्षेत्र की समझ रखने वालों की मानें तो इजरायल के पास कई ऐसे विकल्प हैं, जिनके जरिए वह ईरान को नुकसान पहुंचा सकता है। उसके पास पनडुब्बी अटैक, साइबर हमले से लेकर परमाणु संयंत्र पर हमले तक पांच ऐसे तरीक हैं, जिनसे वह से ईरान से श्बदलाश ले सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ओर से मिसाइल हमले के बाद इजरायल की युद्ध कैबिनेट ने बदला लेने की योजना तैयार की है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# चुनाव के लिए आज से पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना

## निर्वाचन सामग्री वितरण एवं संग्रहण दलों को दिया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। मतदान के दो दिन पहले 17 अप्रैल को 40 पार्टियां और एक दिन पहले 544 पोलिंग पार्टियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम और पुलिस मैदान गोपेश्वर से ईवीएम मशीन एवं आवश्यक निर्वाचन सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं संग्रहण को लेकर मंगलवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना, नोडल अधिकारी कार्मिक अभिनव शाह सहित तीनों विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्देशित किया कि पोलिंग पार्टियों को निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार निर्वाचन सामग्री वितरण और



संग्रहण किया जाए। ताकि किसी प्रकार की गल्लती होने की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण एवं संग्रहण के दौरान पोलिंग कार्मिकों से सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए अपने दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करें। संग्रहण के समय बहुत ध्यान से सामग्री एवं प्रपत्रों का मिलान किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण स्थलों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश भी दिए। कहा कि पोलिंग पार्टियों को सामग्री प्राप्त करने और जमा कराने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण के लिए प्रत्येक विधानसभा 10–10 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर तीन कार्मिकों की तैनाती की गई है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर एपी डिमरी, केके पंत द्वारा मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण से जुड़े सभी कार्यो एवं दायित्वों का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### मतदाताओं को कर रहे मतदान के लिए प्रेरित

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की ओर से विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले चमोली इलेक्शन आइकॉन ने सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया। मतदाताओं से 19 अप्रैल को अनिवार्य मतदान की अपील की है।

## न्यूज डायरी :

### सभी अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से करें उपयोग

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में जनपद के दिव्यांगजनों एवं वृद्ध मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मतदान दिवस पर दिव्यांगजनों एवं वृद्ध मतदाताओं की विशेष सहायता के लिए बूथवार संसाधनों की मैपिंग की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन भट्ट ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद के दिव्यांगजनों एवं वृद्ध मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु दोनों विधान सभाओं में एक–एक दिव्यांग बूथ चिन्हित कर केदारनाथ विधान सभा में राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि एवं रुद्रप्रयाग विधान सभा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय च्वींथ बीरों में दिव्यांग बूथ तैयार किया गया है।

### हरिद्वार की अदिति तोमर ने हासिल की 247वीं रैंक

**संवाददाता** देहरादून। संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। हरिद्वार की अदिति तोमर ने 247वी रैंक हासिल की है। अदिति के भाई हैं असिस्टेंट कमिश्नर हैं। वहीं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार की बेटी कुहू गर्ग ने भी आईपीएस की परीक्षा पास कर ली है। बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप खेल चुकी कुहू ने 178 रैंक हासिल की है। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम आज, यानी 16 अप्रैल, 2024 को घोषित कर दिया है। लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड की पेश

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहक–सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन–अप का नवीनतम संयोजन10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है।

## पिथौरागढ़ के संदीप सिंह ने हासिल की 906वीं रैंक

**संवाददाता** पिथौरागढ़। धारचूला के चौदास घाटी के ग्राम सोसा के संदीप सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज परीक्षा 2023 में 906 स्थान प्राप्त किया है। संदीप सिंह के पिता अरविंद सिंह कुंवर कॉविड से पूर्व भारत तिब्बत व्यापारी थे। व्यापार बंद होने के बाद पिछले चार पांच सालों से राशन की दुकान चलाते है। माता सुनीता देवी गृहणी है। संदीप पांच भाई बहनों में सबसे छोटे है।

संदीप के ताऊ भरत सिंह और ताई धर्मू देवी ने बताया की संदीप बचपन से ही पढ़ाई मे मेधावी रहे। संदीप सिंह ने हाईस्कूल तक की पढ़ाई ज्ञानदीप बाल विद्या मंदिर , कुमोड़ पिथौरागढ़ से और इंटर एसजीआरआर पटेल नगर, देहरादून से की है। संदीप ने अपने प्रथम प्रयास में ही आईआईटी जेईई की परीक्षा पास कर आईआईटी रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की हैं। आईआईटी में ही संदीप को डछछ में अच्छे पैकेज में कैंपस प्लेसमेंट मिल गई थीं। लेकिन संदीप सिंह ने सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन की तैयारी करने का निर्णय लिया। वह वर्ष 2018 से दिल्ली में रहकर सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन की तैयारी कर रहे है। उन्हें अपने छठे प्रयास में सफलता अर्जित हुई हैं। यह उनका दूसरा इंटरव्यू था।



### निष्पक्ष चुनाव के लिए चमोली में 303 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर जनपद चमोली के 303 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। वेबकास्टिंग व्यवस्था के लिए मंगलवार को वेबकास्टिंग अधिकारियों की टीम को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से जरूरी उपकरणों एवं सामग्री के साथ रवाना किया गया। वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि मंगलवार को ही सभी टीमें अपने मतदान क्रेदों पर पहुंच जाएंगी और शाम को मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग का ट्रायल भी किया जाएगा। जनपद की विधानसभा क्षेत्र 04–बद्रीनाथ के 103 बूथों से वेबकास्टिंग की जाएगी। जबकि 05–थराली के 109 और 06–कर्णप्रयाग विधानसभा के 91 बूथों से वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। कंट्रोल रूम से इन सभी बूथों पर नजर रखी जाएगी। मतदान दिवस पर इन बूथों पर ऑनलाइन माध्यम से मतदान प्रक्रिया को देखा जा सकता है।

## दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की सात पोलिंग पार्टियां होंगी अपने गंतव्य के लिए आज होगी रवाना

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 19 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं कुशलता के साथ संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं तथा विधान सभा केदारनाथ की दूरस्थ क्षेत्रों की 07 पोलिंग पार्टियां अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगी।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक जीएस खाती ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा विधान सभा केदारनाथ की दूरस्थ

### मतदान की सभी तैयारियां कर ली गई हैं पूरी

ग्रामीण क्षेत्रों की 07 पोलिंग पार्टियां आज अपने गंतव्य के लिए रवाना की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ पोलिंग पार्टियां जिन्हें 6 से 3 किमी तक पैदल दूरी तय करनी है। जिसमें मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौंडार 6 किमी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय तोषी 5 किमी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चिलौंड 4 किमी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ब्यूंखी 4 किमी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडूला 3 किमी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुणजेठी 3 किमी तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय जग्गी बगवान 3 किमी शामिल हैं।

जनपद में 362 पोलिंग बूथ हैं। जिसमें 07 पोलिंग पार्टियां 17 अप्रैल को रवाना की जा रही हैं तथा 355 पोलिंग पार्टियां 18 अप्रैल को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया जाएगा। जनपद की दोनों विधान सभाओं में 33 ऐसे बूथ हैं जिनकी सड़क मार्ग से पैदल दूरी 2 किमी है। जनपद की दोनों विधान सभाओं में 195623 मतदाता हैं जिसमें महिला मतदाता 98373 तथा पुरुष मतदाता 97250 हैं। जिसमें 07–केदारनाथ में 90839 कुल मतदाता हैं जिसमें महिला मतदाता 45962 तथा पुरुष मतदाता 44877 हैं। 08–रुद्रप्रयाग विधान सभा में कुल 104784 मतदाता हैं जिसमें 52411 महिला मतदाता तथा 52373 पुरुष मतदाता हैं तथा 18 से 19 वर्ष वाले 5295 युवा मतदाता हैं जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### हर वर्ग का कांग्रेस में सम्मानः वीरेंद्र रावत

**संवाददाता** लालढांग। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने लालढांग में जन सभा कर लोगों से समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर वर्ग को केवल कांग्रेस में ही सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर–घर जाकर मतदाताओं को कांग्रेस का एजेंडा बताएं। हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने भी जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि लालढांग क्षेत्र में पूर्ण विकास किया जा रहा है। वर्षों से लंबित कच्ची सड़कों को पक्का कराया जा रहा है। जनता कांग्रेस का सांसद चुनती है तो क्षेत्र में दोगुना विकास होगा। जनसभा में नजाकत अली, मोहम्मद अकरम, इमरान, शमशेर भड़ाना, अलीशेर, जगमोहन सिंह आर्या, हेमा नेगी आदि उपस्थित रहे।



*इंसान तो हर घर में पैदा होते हैं, बस इंसानियत कहीं कहीं जन्म लेती है। –अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# बढ़ता गया अंतर

**इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आएगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी। यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।**

गुलशन राय खत्री।।

वित्त वर्ष 2023–24 के आखिरी दिन आई यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गई, जो महामारी से पहले (2019–20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे।

मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019–20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे। उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020–21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे–जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गई, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जाएगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा। लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते।

2022–23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019–20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023–24 में यह अंतर बढ़कर 40 करोड़ तक पहुंच गया। ध्यान रहे इस संख्या में संशोधन अपेक्षित है। इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आएगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी। यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। लेकिन यह वृद्धि अनस्किल्ड लेबर के सबसे कमजोर हिस्सों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आई। अन्य क्षेत्रों से कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध न होने की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की श्रम शक्ति इसी योजना में खपाई जा रही है।

आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन इसका स्वरूप अस्थायी होगा। ऐसे में तात्कालिक राहत मिल भी जाए तो उसे समस्या का हल नहीं माना जा सकता। जाहिर है, चुनावों के बाद नई सरकार को इस मोर्चे पर ठोस और टिकाऊ नतीजे देने वाले सुविचारित कदम उठाने होंगे।

## अत्यन्त प्रभावशाली

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** ऋषि विश्वामित्र ने इस प्रकार कथा सुनाना आरम्भ किया, "पर्वतराज हिमालय की अत्यंत रूपवती, लावण्यमयी एवं सर्वगुण सम्पन्न दो कन्याएँ थीं। सुमेरु पर्वत की पुत्री मैना इन कन्याओं की माता थीं। हिमालय की बड़ी पुत्री का नाम गंगा तथा छोटी पुत्री का नाम उमा था। गंगा अत्यन्त प्रभावशाली और असाधारण दैवी गुणों से सम्पन्न थी। वह किसी बन्धन को स्वीकार न कर मनमाने मार्गों का अनुसरण करती थी। उसकी इस असाधारण प्रतिभा से प्रभावित होकर देवता लोग विश्व के क्याण की दृष्टि से उसे हिमालय से माँग कर ले गये। पर्वतराज की दूसरी कन्या उमा बड़ी तपस्विनी थी। उसने कठोर एवं असाधारण तपस्या करके महादेव जी को वर के रूप में प्राप्त किया।" "वत्स राम! तुम्हारी ही अयोध्यापुरी में सगर नाम के एक राजा थे। उनके कोई पुत्र नहीं था।

## संपादकीय

### विचार की गुंजाइश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पहली नजर में जजमेंट के कुछ पहलुओं पर दोबारा विचार की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कई अन्य मामलों में ईडी और पीएमएलए पर सख्ती दिखाई। 20 मार्च 2024 को एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस के ट्रायल में अगर देरी हो तो जमानत दिए जाने पर रोक नहीं है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि जमानत का अधिकार अनुच्छेद–21 के तहत मिला हुआ है और यह अधिकार पीएमएलए की धारा–45 द्वारा नहीं छीना जा सकता। 4 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी के समन के बावजूद उससे सहयोग न करना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। रिमांड के वक्त यह देखना जरूरी है कि गिरफ्तारी वैध है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी को आरोपी की गिरफ्तारी के समय लिखित में इसका आधार बताना चाहिए। ईडी के तमाम एक्शन में पारदर्शिता दिखनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब ईडी गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रिमांड के लिए पेश करे तो कोर्ट को रिमांड ऑर्डर के वक्त सुनिश्चित करना होगा कि गिरफ्तारी पीएमएलए एक्ट की धारा–19 के तहत वैलिड है या नहीं।

पहले जानते हैं कि इस कानून पर किस तरह के सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा गया था कि पीएमएलए के तमाम प्रावधानों में खामियां हैं।

# कानून पर सवाल

राजेश चौधरी।।

पीएमएलए कानून के तहत हाल ही में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआर नेता के. कविता को गिरफ्तार किया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी कानून में पिछले साल गिरफ्तार हुए थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आप नेता संजय सिंह व सत्येंद्र जैन भी इसी कानून के तहत जेल में हैं। इन नेताओं को अभी जमानत नहीं मिल पाई है। पीएमएलए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे बहाल रखा था। हालांकि इस मामले में रिव्यू पिटिशन दाखिल हुई है, जिस पर सुनवाई अभी होनी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट कई बार पीएमएलए के प्राध्वधानों पर सुनवाई करते हुए ईडी को अलग–अलग मामलों में फटकार भी लगा चुका है।

सवाल है कि आखिर इस कानून के तहत जमानत मिलना इतना कठिन क्यों है। पहले जानते हैं कि इस कानून पर किस तरह के सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा गया था कि पीएमएलए के तमाम प्रावधानों में खामियां हैं। इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट की कॉपी आरोपी के साथ गिरफ्तारी के वक्त साझा नहीं की जाती। आरोपी को पता नहीं होता कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए क्या




साक्ष्य एजेंसी के पास है। धारा–45 के तहत डबल बेल कंडिशन पर आपत्ति करते हुए कहा गया कि यह अनुच्छेद–21 के तहत जीवन और स्वच्छंदता के अधिकार का उल्लंघन करता है। वहीं, इस एक्ट के तहत खुद आरोपी को जमानत के लिए कोर्ट को संतुष्ट करना होता है कि वह बेकसूर है। एक्ट की धारा–19 में गिरफ्तारी के प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उससे अलग भी म्क अधिकारी समन करने के दौरान आरोपी को हिरासत में ले सकते हैं। धारा–50 के तहत ईडी जो बयान दर्ज करता है, वह मान्य साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यह संविधान के अनुच्छेद–20 (3) का उल्लंघन है, जो कहता है कि किसी को खुद के खिलाफ गवाही के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

ईडी का अधिकारी भी पुलिस अधिकारी की तरह ही है और उनके सामने दिए गए बयान की कोई मान्यता नहीं होनी चाहिए। मगर सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई 2022 के फैसले में पीएमएलए कानून को बरकरार रखा। कोर्ट ने ईडी की गिरफ्तारी, संपत्ति अटैचमेंट और सीज करने के अधिकार को पीएमएलए के तहत वैध करार दिया। उसने कहा कि धारा–45 के तहत जमानत की कड़ी शर्त वाले प्रावधान सही हैं। इसके तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी को तभी जमानत दी जा सकती है, जब वह दोहरी शर्तें पूरी करे। अव्वल तो यह कि पहली नजर में दिख रहा हो, आरोपी ने अपराध नहीं किया है। दूसरे, जमानत के दौरान अपराध होने की आशंका न बची हो।

पीएमएलए कानून और सुप्रीम कोर्ट की अलग–अलग मामलों में दी गई व्यवस्था दोनों को समग्रता से देखने की जरूरत है ताकि अपराधी शिकंजे में आएं और निर्दोषों के अधिकारों का उल्लंघन न हो। हाल ही में एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरोपी को बिना ट्रायल के हिरासत में रखना कैद की तरह है। सुप्रीम कोर्ट इन मामलों की समय–समय पर समीक्षा करता रहा है और व्यवस्था भी देता रहा है। इसके बावजूद किंतु–परंतु की गुंजाइश बनी हुई है जो संभवतरू रिव्यू पिटिशन पर फैसला आने के बाद ही समाप्त होगी।

### अष्टयोग-4967

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | 4 | 5 | | 1 |
| | 27 | | 32 | | 34 | |
| 4 | 2 | 1 | | 3 | 5 | |
| | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 1 | 5 | | 3 | | 7 | |
| 3 | 33 | | 31 | 7 | 34 | 5 |
| | 5 | | 6 | | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4966 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 25 | 7 | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### कानून के पेच

**मोहन।** सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ईडी अधिकारी और पुलिस अधिकारी एक नहीं हैं। ईडी अधिकारी के सामने दर्ज बयान एक्ट की धारा–50 के तहत रेकॉर्ड होता है, जो मान्य है। पुलिस के सामने दिया बयान मान्य नहीं होता। शीर्ष अदालत के उस फैसले के मुताबिक, ईसीआईआर चूंकि आंतरिक दस्तावेज है, इसलिए आरोपी की गिरफ्तारी के वक्त उसकी कॉपी सप्लाई करना अनिवार्य नहीं है। गिरफ्तारी का आधार बताना ही काफी है। ईडी अधिकारी के सामने पीएमएलए की धारा–50 के तहत आरोपी जो बयान देता है उस आधार पर आगे की कार्रवाई होती है और कोर्ट के मुताबिक यह संविधान के अनुच्छेद–20 (3) का उल्लंघन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में 29 नवंबर 2023 को कहा था कि ईडी तब तक आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा–120 का इस्तेमाल कर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बना सकता, जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो।





## निरहुआ के सामने आम्रपाली दुबे ने आजमगढ़ में लिए विकास मिश्रा संग फेरे?

भाजपा सांसद और जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और सुपर हॉट आम्रपाली दुबे का साथ उनके फैंस को बेहद पसंद आता है, लेकिन एक वायरल तस्वीर उनके फैंस का दिल तोड़ने वाली है और उन लोगों को भी शॉक देने वाली है, जिन्होंने अब तक अक्सर निरहुआ और आम्रपाली को साथ में देखा है। इस वायरल तस्वीर में आम्रपाली दुबे, विकास मिश्रा के साथ फेरे लेते नजर आई हैं। इस दौरान खुद निरहुआ भी मौजूद रहे, जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है। लेकिन हम आपको बता दे रहे हैं कि यह तस्वीर उनकी आने वाली भोजपुरी फिल्म श्एक नई सुबहश के सेट की है, जहां फिल्म का भव्य मुहूर्त पूजा–अर्चना के साथ विधि िवत रूप से किया गया। जयेश इंटरनेशनल फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का मुहूर्त आजमगढ़ शहर के नजदीक एकरामपुर गांव में किया गया। इस अवसर पर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, फिल्म के मुख्य अभिनेता विकास मिश्रा, भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आम्रपाली दुबे अन्य कलाकार गिरीश शर्मा, गौरव कुमार झा, आयुष शर्मा, चंद्रकांत यादव, प्राची सिंह, रुचि, परी सिंघानिया, सुनीता जी, अनीता जी और इस फिल्म के डायरेक्टर रामवृक्ष गोंड एवं प्रोड्यूसर आनंद सीताराम जाधव और डीओपी रॉकी सक्सेना उपस्थित रहे।

## गैलेक्सी अपार्टमेंट में ही क्यों रहते हैं सलमान खान?

मुंबई के ब्रांदा इलाके में स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट खूब चर्चा में है। समंदर किनारे बसे इस अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल की सुबह 4:55 बजे, चार–से पांच राउंड फायरिंग हुई थी। मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। हालांकि पूरा वाकया आसपास लगे सीसीटीवी मैं कैद हो गया। जिसकी फुटेज सोशल मीडिया पर मौजूद है। मगर सवाल ये है कि एक्टर इसी घर में क्यों रहते हैं। उनकी 2900 करोड़ की नेटवर्थ है। वह कहीं और भी जाकर तो अपना आशियाना खड़ा कर सकते हैं। और एक नहीं बल्कि कई बंगले ले सकते हैं। मगर उन्होंने आज तक ऐसा नहीं किया। जब गोलियां चलीं तो उस वक्त सलमान खान उसी गैलेक्सी अपार्टमेंट में मौजूद थे। दरअसल, सलमान खान ने एक बार खुलासा किया था कि वह अपनी मां सलमा खान की वदह से अभी–भी इस घर में रहते हैं। बता दें कि सलमान खान का घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर है। जबकि उनके माता–पिता पहली मंजिल पर रहते हैं।

## कंगुवा में सूर्या का होगा डबल रोल! नए पोस्टर से मिला बड़ा हिंट



स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार की इस साल की सबसे बड़ी फिल्म कंगुवा का टीजर जब से रिलीज किया गया है, फैंस में तभी से एक्साइटमेंट भर गई है। बिना किसी शक इसने दर्शकों के बीच अपनी जगह बनानी शुरू कर दी है। इस दमदार टीजर ने लोगों को सरप्राइज कर दिया है और इंडस्ट्री से लेकर फैंस तक, सभी इसके बारे में चर्चा कर रहे हैं। टीजर में हम जहां सुपरस्टार सूर्या को एक वीर योद्धा के अवतार में देख सकते हैं, वहीं बॉबी देओल को एक खलनायक के रूप में देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव जैसा है। अब, फिल्म के बारे में और ज्यादा जानने का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए मेकर्स ने एक नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को एक खास दिन यानी तमिल न्यू ईयर के मौके पर पेश किया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर श्कंगुवाश के पोस्टर को शेयर करते हुए नई झलक पेश की है। फिल्म के पोस्टर में सूर्या के किरदार के अतीत और वर्तमान की झलक दिख रही है। साथ ही मेकर्स ने इसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जहां कल और आज टकराते हैं, वहां नए भविष्य की शुरुआत होती है। कंगुवा दुनिया भर के सिनेमाघरों में 2024 में रिलीज होगी।

# भाईजान को सलामत देख फैंस ने ली राहत की सांस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर गोलियां चलाई गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 4रू55 बजे हुई, जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग शामिल थे, जिन्होंने हवा में तीन से चार गोलियां चलाईं। हालांकि, एक्टर ने इस घटना से खुद को थोड़ा भी परेशान नहीं होने दिया, क्योंकि उन्होंने दुबई में अपने फिटनेस ब्रांड के लॉन्च की घोषणा की। घटना के बाद ये सलमान खान का सोशल मीडिया पर पहला पोस्ट है।*

**सलमान खान ने फायरिंग के बाद किया पहला पोस्ट**

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जहां उन्हें अपने ब्रांड बीइंग स्ट्रॉन्ग का प्रचार करते देखा जा सकता है। एक्टर ने बताया कि यह ब्रांड दुबई में उपलब्ध होगा, साथ ही इसकी कुछ यूएसपी को बताया। वीडियो आते ही फैंस ने कमेंट बॉक्स में अपने पसंदीदा एक्टर के लिए प्यार की भरमार कर दी। एक ने लिखा– करोड़ों लोगों की दुवा आपके साथ है। एक ने कहा– भाई का अपडेट देने का तरीका थोड़ा कैजुअल है। एक फैन ने लिखा– भाई का कोई बाल भी बाका नहीं कर सकता। उनके करोड़ों फैंस ने दुआएं भेजी हैं।

**घटना के बाद सलमान की पहली पोस्ट**

इस बीच, सलमान खान ने रविवार, 14 अप्रैल को अपने घर के बाहर फायरिंग की घटना के बावजूद अपना काम जारी रखने



और फिल्मों की शूटिंग को पूरा करने का फैसला किया है। नई रिपोर्टों के अनुसार, एक्टर इसके पीछे के जिम्मेदार लोगों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहते हैं और वो हमले के बाद भी अपना काम करते रहेंगे।

**अपना काम करते रहेंगे सलमान**

एक सूत्र ने बताया, श्सलमान अपनी पहले से शेड्यूल फिल्मों की शूटिंग करेंगे। वह इस गोलीबारी की घटना के पीछे के लोगों पर ध्यान नहीं देना चाहते क्योंकि उन्हें लगता है कि वे यही चाहते हैं। इसके बजाय, उन्होंने इंडस्ट्री के दोस्तों और फैंस से चिंता न करने को कहा है। इसके अलावा, उन्होंने उनसे गैलेक्सी अपार्टमेंट में न जाने के लिए भी कहा।

**घर नहीं बदलेंगे सलमान खान**

सूत्र ने उन खबरों का भी खंडन किया कि सलमान बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट से अपना घर बदलना चाहते हैं। सूत्र के अनुसार, गोलीबारी की घटना के बावजूद, सलमान खान अपने उसी घर में रहेंगे।

# अभिषेक और खानजादी को रोमांटिक होते देख भर आया फैंस का दिल



*अभिषेक कुमार और खानजादी की जोड़ी को देखने के लिए फैंस कई महीनों से इंतजार कर रहे थे। अब जाकर फाइनली दोनों दिखाई दिए हैं वो भी रोमांटिक वीडियो में। अभिषेक और खानजादी को श्धूप लगदीश में देखकर उनके चाहने वाले खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।*

बिग बॉस 17 के बाद अभिषेक कुमार सफलता की बुलंदियों पर हैं। शो में उन्होंने लाखों लोगों का दिल जीता था। उन्होंने शो में सेकेंड रनर–अप के तौर पर अपना सफर खत्म किया। एक्टर ने बिग बॉस के दौरान कई दोस्त बनाए और नए प्रोजेक्ट्स के लिए उनके साथ काम भी कर रहे हैं। शो में खानजादी के साथ उनकी केमिस्ट्री को काफी सराहा गया और फैंस को लंबे समय तक इंतजार कराने के बाद, अभिषेक और खानजादी ने आखिरकार एक रील के लिए एक साथ काम किया। दोनों को साथ देखकर लोग खुशी से चहक उठे हैं। अभिषेक कुमार और फिरोजा खान ने एक रोमांटिक वीडियो के साथ अपने फैंस को चौंका दिया, जो उन्हें प्यार से रुअभीजादी कहते थे। उन्होंने शहनाज गिल की हालिया रिलीज श्धूप लगदीश पर रील बनाई। सलवार–सूट पहने, खानजादी ने अभिषेक कुमार के साथ रोमांस करते हुए फ्रेम में एंट्री की। कहने की जरूरत नहीं है कि दोनों की केमिस्ट्री जबरदस्त है और इसे पूरे वीडियो में देखा जा सकता है।

**खानजादी और अभिषेक के रील पर फैंस के कमेंट**

फैंस अपनी पसंदीदा जोड़ी के एकजुट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रील ने फैंस को खुश कर दिया। एक यूजर ने रील पर कमेंट किया, आखिरकार प्यारी केमिस्ट्री वाली पहली रील। एक फैन ने पोस्ट किया, इसे कहते हैं असली केमिस्ट्री!! अभिषेक शरमाना बंद नहीं कर पा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, यह सबसे अच्छा वीडियो था, आखिरकार सबसे प्यारी जोड़ी आ गई।

**बिग बह्स १७ में शुरू हुआ था सिलसिला**

जहां बिग बॉस 17 के शुरुआती एपिसोड में अभिषेक कुमार और खानजादी के बीच नोकझोंक देखी गई, वहीं यह लड़ाई जल्द ही एक खूबसूरत दोस्ती में बदल गई। उनकी बढ़ती दोस्ती के साथ, उन पर एक–दूसरे को पसंद करने का टैग भी आ गया। उन्होंने एक–दूसरे को पसंद करने की बात कबूल की। हालांकि, शो में उनके रिश्ते को अक्सर नकली कहा जाता था। खानजादी ने उम्मीद से जल्दी शो छोड़ दिया।

# ये फूड कॉम्बिनेशन पेट में बनाती है भयंकर गैस, ना खाएं वरना हो जाएगी दिक्कत



### दूध और ब्रेड
अक्सर हम नाश्ते में दूध के साथ ब्रेड खाते हैं, जो गलत कॉम्बिनेशन है। दूध हमारी सेहत और हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद है, लेकिन ब्रेड के साथ इसे लेना सही नहीं है। ब्रेड में मौजूद यीस्ट दूध के साथ मिलकर गैस बनाते हैं।

*गैस बनना एक आम समस्या है, लेकिन इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन इसके सबसे बड़े कारणों में गिना जाता है, गलत खानपाना। लेकिन कई बार हेल्दी और लाइट चीजें खाने के बाद भी गैस की समस्या बन जाती है। इसकी वजह गलत कहम्बिनेशन वाले फूड भी है।*

कई बार हम ऐसी दो–तीन चीजों का एक साथ सेवन कर लेते हैं, जो पेट में जाकर गैस बना देती है। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कुछ ऐसे ही गैस बनाने वाले फूड कॉम्बिनेशन के बारे में, जिससे बचना बहुत जरूरी है।

**स्टार्च और फलः** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार आलू, अरबी और चावल जैसे स्टार्च फूड का सेवन फलों के साथ न करें। नहीं तो इससे पेट में गैस बनने की संभावना बढ़ जाती है। क्योंकि फल बहुत जल्दी पच जाता है, लेकिन स्टार्च फल के मुकाबले पचने में थोड़ा समय लेता है। लेकिन दोनों को साथ में खाने से फल जल्दी नहीं पच पाता है, दोनों को साथ खाने से पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। इसलिए इन दोनों को साथ खाने से बचें।

**कहर्नफ्लेक्स और जूसः** नाश्ते में बहुत सारे लोग कॉर्नफ्लेक्स खाते हैं,लेकिन उसके साथ जूस भी लेते हैं। इन दोनों को भी एक साथ लेना सही नहीं है। अनाज में मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फलों के जूस का मिश्रण पेट में जाकर एंजाइम की गतिविधि को धीमा कर देते हैं, जिससे पेट में गैस बनने लगती है।

### प्रोटीन और शुगर
हाई प्रोटीन और शुगर को एक साथ न लें। खासतौर पर किसी भी प्रकार के प्रोटीन शेक के साथ। क्योंकि शुगर प्रोटीन को पचाने की कोशिश करता है, लेकिन प्रोटीन में मौजूद एंजाइम्स पेट में उल्टा रिएक्शन कर सकते हैं।

### नट्स और ऑलिव ऑयल
नट्स और ऑलिव ऑयल को भी एक साथ न खाएं। ऑलिव ऑयल में पाए जाने वाले फैट्स और नट्स में पाए जाने वाले प्रोटीन दोनों देर से पचते हैं, जिससे पेट में गैस बनने लगता है। इसलिए नट्स के साथ ऑलिव ऑयल को न खाएं।






## खाने के बाद भी भूख लगती है? ये पाचन ठीक होना नहीं
क्या आपके साथ ऐसा होता है कि आपको दिनभर भूख लगती है, खाना खाने के बाद भी। अगर ऐसा है, तो यह सामान्य नहीं है। कभी–कभी ज्यादा भूख लगना या अचानक से कुछ खाने का मन करना सामान्य है। इसमें परेशानी का विषय तब है, जब किसी को दिनभर बार–बार भूख लगती है। यदि आपके साथ भी ऐसा होता है तो इसके कई कारण हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा भूख लगना किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता हैं। इसलिए लक्षण को कभी भी नजरअंदाज न करें। अगर आपके साथ लगातार ऐसा हो रहा है, यानी कि हर दिन, तो इसके कारणों को समझते हुए एक बार डॉक्टर से जरूर मिलें। बार–बार भूख लगना डायबिटीज टाइप–2 का लक्षण हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डायबिटीज के कारण ग्लूकोस, जो हमारे खून में ही रहता है, वो हमारे शरीर में फैल नहीं पाता है। ऐसे में बार–बार भूख लगती है। बहुत ज्यादा तनाव लेने पर भी बार–बार भूख लगती है। तनाव का हमारी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है, कई ऐसे हार्मोन रिलीज होते है, जो भूख को बढ़ाते हैं। ऐसे में हमें ज्यादा से ज्यादा खाने की इच्छा होती है।
जो लोग बहुत ज्यादा वर्कआउट करते हैं, उनमें भी यह समस्या देखने को मिलती है। बहुत अधिक वर्कआउट करने से बहुत अधिक कैलोरी भी खर्च हो जाती है। जो लोग रोजाना और लम्बे समय तक एक्सरसाइज करते हैं, उनका मेटाबोलिज्म फास्ट होता है और पाचन क्रिया भी ठीक रहती है, तो भूख भी ज्यादा लगती है।

## फौरन हटाओ बॉर्नवीटा, निकली ये कमी, बदले में पीनी चाहिए देसी ड्रिंक
केंद्र सरकार ने यह मान लिया कि बॉर्नवीटा हेल्थ ड्रिंक नहीं है। इस संबंध में कॉमर्स मिनिस्ट्री ने ई–कॉमर्स कंपनियों को आदेश दिया है कि बॉर्नविटा को हेल्थ ड्रिंक्स या हेल्दी ड्रिंक्स की कैटिगरी से फौरन हटाएं। इसके साथ ही इस तरह के सभी ड्रिंक्स और बेवरेजस को भी हेल्थ ड्रिंक की कैटिगरी से हटाना को कहा है। ये हेल्दी ड्रिंक की परिभाषा में नहीं आते। दरअसल इनमें तय मानक से बहुत ज्यादा चीनी की मात्रा मौजूद है। यह सेहत के लिहाज से सही नहीं है। एम्स की चीफ डाइटिशन परमीत कौर कहती हैं कि ऐसे ड्रिंक्स कैलरी के बड़े सोर्स होते हैं, इन्हें लगातार पीने से मोटापा बढ़ने का खतरा रहता है। मुमकिन है आगे चलकर इस वजह से फैटी लिवर की परेशानी भी हो जाए। शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। ये दांत भी खराब कर सकते हैं। वहीं, सीनियर गैस्ट्रोएंटेरॉलजिस्ट डॉ. कैलाशनाथ सिंगला का कहना है कि कुछ पैक्ड ड्रिंक्स की लाइफ बढ़ाने के लिए कुछ हानिकारक केमिकल आदि भी मिले होते हैं। ये सेहत के लिए सही नहीं हैं। ऐसे में बाहर के पैक्ड ड्रिंक से अच्छा है, घर में बने ड्रिंक्स।

## 200 पार हो गया कोलेस्ट्रॉल, पेट में बनती है भयंकर गैस?



सभी लोग स्वस्थ पाचन तंत्र चाहते हैं, और किशमिश पानी इसे पाने में आपका साथी बन सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो आपके पेट में एसिड को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। सुबह सबसे पहले इसका सेवन करने से गैस, पेट फूलना और कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है। किशमिश पानी उन लोगों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है जो अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह कैसे मदद करता है? दरअसल, इसमें मौजूद फ्रुक्टोज और ग्लूकोज की वजह से। ये दोनों नैचुरल शुगर हैं जो लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा देते हैं। इससे काम के दौरान बेवक्त ज्यादा खाने से बचा जा सकता है, जिससे आपकी कैलोरी का सेवन नियंत्रित रहता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। क्या आप जानते हैं कि किशमिश पानी ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद कर सकता है? ऐसा इसलिए है क्योंकि किशमिश का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर में अचानक बढ़ने का कारण नहीं बनता। किशमिश पानी के सेवन से स्वस्थ और डायबिटीज दोनों रोगियों में ग्लूकोज की प्रतिक्रिया को कम करने में मदद मिली। अगर आपको त्वचा की समस्याएं परेशान कर रही हैं, तो सुबह में एक गिलास किशमिश पानी आपका समाधान हो सकता है।

# कब्ज और डायबिटीज का चमत्कारी उपाय है एक बासी रोटी

*रोटी भारतीय आहार का मुख्य्य हिस्सा है। इसके बिना थाली अधूरी लगती है। चाहें कितने भी पकवान खाने में क्यों न हों, लेकिन रोटी के साथ सब्जी या चटनी खाने का जो आनंद है, किसी और भोजन में कहां। इसके अलावा सेहत के लिए भी रोटियां बहुत फायदेमंद हैं। रोटियां अक्सर गर्म और ताजी खाई जाती हैं। पर क्या आपने कभी रात की बची बासी रोटी खाई है। वैसे तो कई लोग इसे हेल्दी नहीं मानते।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### फेकने के बजाए इतने घंटे पहले खाएं
कहते हैं कि बासी रोटी में बैक्टीरिया पनपते हैं, जिससे पेट से जुड़े रोग और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए कई लोग बासी रोटी खाने से बचते हैं। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट और कंटेंट क्रिएटर दीपशिखा जैन के अनुसार, बासी रोटी ताजी बनी हुई रोटियों से बेहतर होती हैं। उनका मानना है कि जब रोटियां 12 घंटे तक ठंडी जगह पर रखी रहती हैं, तो उनकी संरचना बदल जाती है, जिसके कई फायदे हैं। तो आइए जानते हैं कि क्यों बासी रोटी को ताजी रोटी से बेहतर माना गया है।

### बासी रोटी क्यों फायदेमंद है
एक्सपर्ट के अनुसार, रोटी को ठंडा करने की प्रक्रिया पाचन को बेहतर बनाती है। इतना ही नहीं, इसके सेवन से गुड बैक्टीरिया की संख्या में भी सुधार होता है। अथरेया अस्पताल बेंगलुरु के कंसल्टेंट डॉ. चैतन्य एचआर जैन इस बात से सहमत हैं। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि जो रोटी रातभर बाहर या फ्रिज में रहती हैं, उसके भीतर मौजूद स्टार्च कई बदलावों से गुजरता है। रोटी में मौजूद कार्बोहाइड्रेट रेजिस्टेंट स्टार्च में बदल जाते हैं। यह स्टार्च न केवल छोटी आंत में पाचन को रोकता है बल्कि बड़ी आंत तक भी जाता है। यहां ये प्रीबायोटिक के तौर पर काम करता है।



### रेसिस्टेंट स्टार्च वाली बासी रोटी खाने के फायदे
बासी रोटी से बढ़ता रेसिस्टेंट स्टार्च गट हेल्थ को बढ़ावा देता है। यह बैक्टीरिया पाचन को स्वस्थ बनाकर ब्लोटिंग और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके अलावा रेसिस्टेंट स्टार्च का काम ब्लड शुगर को कंट्रोल करना है। यह कार्बोहाइड्रेट के पाचन को स्लो करके ब्लड शुगर को बढ़ने से रोकता है।

### पोषण में आती है कमी
डॉ. चैतन्य के अनुसार, बासी रोटी के टूटने पर इसमें मौजूद प्रोटीन और विटामिन की मात्रा कम हो जाती है। इसके अलावा पुरानी बासी रोटियों में फफूंद लगना चिंता की बात है। इसलिए इन्हें खाना नुकसानदायक है। डॉक्टर की सलाह है कि बासी रोटी को अच्छी तरह से स्टोर करें और समय सीमा के अंदर इसे खा भी लें। ज्यादा दिनों की रखी रोटी स्वास्थ्य को कमजोर बनाती है।

### बासी रोटी को आहार में कैसे शामिल करें
एक्सपर्ट के अनुसार, स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार जरूरी है। आप दही, सब्जी और दाल के साथ बासी रोटी का आनंद ले सकते हैं। बासी रोटी कई मायनों में स्वास्थ्य के लिए अच्छी है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप पूरी तरह इसी पर निर्भर रहें। शरीर में पोषक तत्वों को बरकरार रखने के लिए ताजी रोटी का सेवन करना ही अच्छा है।



दिनेश कार्तिक ने टी नटराजन को धोया

कार्तिक ने टी नटराजन की ओर से फेंके गए 16वें ओवर की पहली गेंद पर जोरदार हिट लगाई। कार्तिक ने हल्का सा घुटना टेका और गेंद को हवा को चीरते हुए लेग साइड की ओर भेज दिया। गेंद स्टेडियम की छत तक पहुंच गई।

## मारा ऐसा छक्का, सारे रिकॉर्ड हो गए तबाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पावर–हिटिंग प्रदर्शन के दौरान दिनेश कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को भले ही जीत नहीं दिला सके, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में फैंस को खूब मनोरंजन किया। इस दौरान छोटे कद के डीके ने 108 मीटर का छक्का लगाया, जो आईपीएल 2024 सीजन का सबसे बड़ा छक्का साबित हुआ। जब जब वह गेंद को हवा में दाग रहे थे तो चिन्नास्वामी स्टेडियम की भीड़ स्तब्ध रह गई। इसी मैच में हेनरिक क्लासेन ने भी पहली पारी में 106 मीटर का छक्का लगाया था, जो उस समय तक केकेआर के वेंकटेश अय्यर और एलएसजी के निकोलस पूरन के साथ संयुक्त रूप से उच्चतम था। कोलकाता नाइटराइडर्स के वेंकटेश अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ही 106 मीटर का छक्का मारा था। इससे समझा जा सकता है कि एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिए किस कदर खतरनाक है। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के पावर हिटर निकोलस पूरन ने भी आरसीबी के खिलाफ ही यह कारनामा किया था। निकोलस पूरन वैसे भी अपनी बड़ी–बड़ी हिट के लिए मशहूर हैं। लिस्ट में 5वें नंबर पर ईशान किशन हैं। ईशान ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 103 मीटर का छक्का मारा था।

# गुजरात टाइटंस अपने होम ग्राउंड में डीसी से लेने वाली है लोहा


क्रिकेट

## अहमदाबाद में होगी रनों की बरसात या लगेगी विकेटों की झड़ी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 32वां मैच गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 17 अप्रैल बुधवार को खेला जाना है। अब तक दोनों टीमों का प्रदर्शन इस आईपीएल में इतना खास नहीं रहा है। जहां दिल्ली ने 6 में से सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं। वहीं गुजरात टाइटंस ने 6 में 3 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कुछ मैच यहां से जीतने होंगे। ऐसे में जीटी और डीसी दोनों के लिहाज से ही यह मुकाबला काफी ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाला है। तो आइये जानते हैं इस रोमांचक मैच में पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है।

गुजरात और दिल्ली की पिच रिपोर्ट



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 5 काली मिट्टी की पिचें और 6 लाल मिट्टी की पिचें हैं। काली मिट्टी की पिचों में उछाल ज्यादा होता है लाल मिट्टी की तुलना में। लाल मिट्टी जल्दी सूख जाती है, लेकिन टी20 में शायद ऐसा ना हो। हाल ही के मैचों में, इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने खुलकर रन बनाए हैं। अहमदाबाद में गेंद और बल्ले के बीच शानदार कॉन्टेस्ट देखने को मिलता है। गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को ही पिच से यहां मदद मिलती है।

आईपीएल के इतिहास में अब तक अहमदाबाद में कुल 30 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 14 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 16 मैच दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर इस मैदान पर 173 रन है जबकि दूसरी पारी का 158 रन है। जो भी टीम टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी कर सकती है।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

# आईपीएल 2023 में रहा था अनसोल्ड, अब ठोका रिकॉर्ड शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में अब तक 3 शतक लगे हैं। पहले विराट कोहली, फिर रोहित शर्मा के देसी ब्लॉकस्टर शो के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने अपने बल्ले का जादू दिखाया। उन्होंने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इस सीजन की सबसे तेज सेंचुरी जड़ी, जबकि ओवरऑल चौथा सबसे तेज शतक रहा। आईपीएल 2024 में वह काफी हिट रहे हैं और उन्होंने कई मौकों पर सनराइजर्स हैदराबाद को मैच जितवाने में अहम भूमिका निभाई।

मौजूदा संस्करण में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के प्रदर्शन को देखते हुए यह जानकर हैरानी होती है कि आईपीएल 2023 की नीलामी में उन्हें खरीददार नहीं मिला था। हेड ने

■ आरसीबी से लिया अपमान का बदला!

2023 की नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ अपना नाम दर्ज कराया था, लेकिन वह नहीं बिके। ऐसा माना जाता है कि 2016 और 2017 में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ उनके पिछले कार्यकाल के कारण ऐसा हुआ था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2016 में तीन मैचों में केवल 37 रन बनाए। इसके बाद अगले सीजन में सात मैचों में 151 रन की अच्छी वापसी की।

रोचक बात यह है कि उन्होंने इसी पूर्व फ्रेंचाइजी और पूर्व होम ग्राउंड पर कोहराम मचा दिया। उन्होंने 2023 विश्व कप में धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक के साथ शोपीस इवेंट की शुरुआत की। इसके बाद अहमदाबाद में मेन इन ब्लू के खिलाफ फाइनल में अपने जीवन की सबसे बड़ी पारी खेली। 30 वर्षीय खिलाड़ी की 137 रन की पारी ने ऑस्ट्रेलिया को अपना छठा विश्व कप खिताब दिलाया।

माना जा रहा था कि यह टूर्नामेंट उनकी किस्मत बदलने वाला होगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल आईपीएल 2024 की मिनी नीलामी में ट्रैविस हेड पर 6.8 करोड़ रुपये का दांव लगाया। ट्रैविस हेड ने आरसीबी के खिलाफ 39 गेंदों में 100 रन बनाकर आईपीएल 2024 में धूम मचा दी। दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई ने सनराइजर्स के लिए पहली बार खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ 62 रनों की तेज पारी खेली थी। तब भी टीम ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 277 रन ठोके थे।

## हारकर भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कर दिया कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चिन्नास्वामी के मैदान पर टी–20 क्रिकेट इतिहास का सबसे गजब का मुकाबला खेला गया। चौके–छक्कों की नॉन स्टॉप बारिश हुई और रनों का अंबार लगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 287 रन लगाए, जो इस लीग का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। 288 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने भी जोरदार पलटवार किया। जीत तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पक्ष में नहीं आई, लेकिन टीम ने 262 रन जरूर बना डाले। भले ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को हार का मुंह देखना पड़ा, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने धमाल मचाते हुए इतिहास रच डाला है। एक टी–20 क्रिकेट मैच में रनों का पीछा करते हुए 250 से ज्यादा रन बनाने वाली आरसीबी दुनिया की पहली टीम बन गई है। सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में कुल 81 बाउंड्री लगी।

## न्यूज डायरी



## सुरेश रैना और क्रिस गेल जैसे धाकड़ खिलाड़ी टी20 लीग में बिखेरेंगे अपना जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के कई दिग्गज खिलाड़ी दिखेंगे। टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 19 मैच खेले जाएंगे। आयोजक कभी भी टूर्नामेंट की तिथियों और स्थान की घोषणा कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य उन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में अलग पहचान बनाई है। इस टूर्नामेंट में क्रिस गेल, सुरेश रैना, केविन पीटरसन, शाहीद अफरीदी, थिसारा परेरा, ड्वेन स्मिथ, पीटर ट्रेगो जैसे दिग्गज क्रिकेट खेलते दिखेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, सुदीप त्यागी, शादाब जकाती समेत कई अन्य खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। आयोजकों ने बताया, वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 के लिए संपूर्ण कार्यक्रम, स्थान और फ्रेंचाइजी के नामों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। पूर्व भारतीय घरेलू क्रिकेटर जेसल कारिया, बिपुल शर्मा, अमितोज सिंह, अनुरीत सिंह, अभिमन्यु मिथुन, ईश्वर चौधरी और रॉबिन बिस्ट ने भी इस टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराया है। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी मैदान पर अपना कौशल दिखाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों को शानदार मैच देखने को मिलेंगे।

## मानसिक और शारीरिक रूप से आराम की जरूरतः मैक्सवेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी में अपनी खराब फॉर्म के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अनिश्चितकालीन 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक लेने का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को आरसीबी के मैच के लिए मैक्सवेल को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इसका कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी ऊंगली की चोट बताया गया था। लेकिन बाद में मैक्सवेल ने खुद को टीम से बाहर करने की बात स्वीकार कर ली। मैक्सवेल ने मैच के बाद कहा, 'यह काफी आसान फैसला था। मैं पिछले मैच के बाद कप्तान फाफ डुप्लेसी और कोच के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी और को आजमाया जाए।' उन्होंने कहा, 'यह खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने के अलावा अपने शरीर को फिट करने का अच्छा समय है। अगर टूर्नामेंट के दौरान मुझे शामिल कराने की जरूरत होती है तो उम्मीद है कि मैं मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत स्थिति में वापस आ सकता हूं तथा प्रभाव डाल सकता हूं।' यह मैक्सवेल के करियर में दूसरी दफा है जब इस आल राउंडर ने खुद को मानसिक और शारीरिक फिटनेस के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर करने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने अक्टूबर 2019 में भी ऐसा ही ब्रेक लिया था और तब उन्होंने कहा था कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से आराम की जरूरत है। इसके कुछ महीनों बाद इस 35 साल के खिलाड़ी ने वापसी की थी।

## इंग्लैंड के सबसे सफल डेडली स्पिनर ने दुनिया को कहा अलविदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व युद्ध 2 के बाद इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर डेरेक अंडरवुड का 78 की उम्र में निधन हो गया। अंडरवुड को भारत के महान ओपनर सुनील गावस्कर को खूब परेशान करने के लिए जाना जाता था। बाएं हाथ के स्पिनर को डेडली नाम की लोकप्रियता हासिल थी। डेरेक अंडरवुड ने अपने 16 साल के चमकीले करियर (1966–1982) में 86 टेस्ट खेले, जिसमें 297 विकेट चटकाए। डेरेक अंडरवुड इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले स्पिनर हैं और उनका यह रिकॉर्ड आज भी कायम है। डेरेक अंडरवुड के बाद इंग्लैंड के सबसे सफल स्पिनर ग्रीम स्वान हैं, जिन्होंने 60 टेस्ट में 255 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर का फर्स्ट–क्लास करियर तो और भी बेमिसाल हैं। उन्होंने 24 साल केंट का प्रतिनिधित्व किया और 2465 विकेट झटके। डेरेक अंडरवुड बल्लेबाजों के लिए खौफनाक गेंदबाज थे। वह हवा में गेंद को तेजी से फेंकते थे और उनकी सटीकता भी गजब की थी। वह लंबा रन–अप लेकर गेंदबाजी करते थे। 1971–82 के बीच अंडरवुड ने भारत के दिग्गज बल्लेबाजों के साथ कई रोचक मुकाबले किए।

पेज थ्री देहरादून

निर्वाचन कार्यों और यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी।

देहरादून, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री ने व्यापारियों के साथ बैठक की

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत न्यू कैंट रोड हाथीबड़कला में हाथीबड़कला व्यापार संघ के पदाधिकारीयों और सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान टिहरी लोकसभा सीट पर पार्टी के पक्ष में वोट की अपील की गई। जोशी ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी प्रत्येक सीट पर मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भूपेंद्र कठैत आदि मौजूद थे।

### रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने चुनाव कार्यक्रम किया जारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने देहरादून, नैनीताल और टनकपुर मंडल के साथ ही डिपो शाखाओं के चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि देहरादून मंडल के चुनाव 12 मई, नैनीताल के 15 और टनकपुर के 17 मई को होंगे। बताया कि देहरादून मंडल में डिपो शाखाओं के चुनाव 30 अप्रैल से 27, नैनीताल मंडल के डिपो शाखाओं के चुनाव 23 अप्रैल से एक मई और टनकपुर मंडल के डिपो शाखाओं के चुनाव 24 से 26 अप्रैल के बीच होंगे।

### चार धाम यात्रा को दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ पंजीकरण जारी

**संवाददाता** देहरादून। चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की ओर से ताबड़तोड़ पंजीकरण कराने का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन मंगलवार को कुल 280380 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। श्रद्धालुओं में पंजीकरण को लेकर सबसे अधिक क्रेज केदारनाथ धाम को लेकर बना हुआ है। दूसरे दिन भी केदारनाथ धाम के लिए 94075 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। दो दिन के भीतर कुल 482231 श्रद्धालु चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। दूसरे दिन यमुनोत्री धाम के लिए 50956 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। यमुनोत्री धाम के लिए कुल 86312 पंजीकरण हो चुके हैं। गंगोत्री धाम में 51878 पंजीकरण हुए।

### पेसिफिक मॉल में धूमधाम से मना बैसाखी उत्सव

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून–प्रमुख रिटेल, फैशन, फूड और एंटरटेनमेंट हब पेसिफिक मॉल ने तीन दिवसीय बैसाखी उत्सव का आयोजन किया। मॉल ने अद्भुत डांस परफॉरमेंस और एक रोमांचक पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित लोगों ने खूब एन्जॉय किया। मॉल प्रबंधन ने आर्ट और क्राफ्ट फेयर, ट्रेडिशनल प्रॉप्स और फोटो बूथ के साथ देहाती पंजाबी माहौल को फिर से मनाया। पेसिफिक मॉल में हम इस भावना को जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रामलला 500 सालों के बाद अपना जन्मदिवस भव्य मंदिर में मनाएंगे

**चुनावी हुंकार**

■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में वोट की अपील

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को चुनावी जनसभा के लिए कोटद्वार भाबर के दुर्गापुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में वोट की अपील की। उन्होंने जनसभा में भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामनवमी है। रामलला 500 सालों के बाद अपना जन्मदिवस टेंट की जगह भव्य मंदिर में मनाएंगे। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ये पावन पल देखने का अवसर मिला है। कांग्रेस ने इतने साल राम मंदिर के मुद्दे को लटकाया। लेकिन मोदी सरकार ने जो ठाना वो किया है। मोदी सरकार ने कई कड़े फैसले लिए। धारा 370 हटाई, तीन तलाक को लेक भी बड़ा




फैसला लिया।

मोदी सरकार के कार्यकाल में शौचालय बने, लोगों के घर तक गैस सिलिंडर पहुंचा। उत्तराखंड को देश विदेश में नया आयाम दिलवाने में मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे उम्मीद है कि आप तीसरी बार भी कमल का बटन दबाकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अपनी सहभागिता जरूर देंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी 17 अप्रैल को चकराता में जनसभा करेंगे। उनका सहसपुर में भी रोड शो होगा। इससे पहले सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चुनाव प्रचार को धार देने उत्तराखंड पहुंचे थे। उन्होंने मसूरी में आयोजित जनसभा में टिहरी सीट से प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हम आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

कोरोना काल में भारत की ताकत को सबने देखा है। लॉकडाउन लगाया, लोगों को बचाने का काम किया, वैक्सीन बनाई, दुनिया को नई राह दिखाई। देश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कई महामारी में वैक्सीन दशकों तक नहीं आई, लेकिन मोदी सरकार ने कोरोना वैक्सीन कम समय मे बनाकर मिसाल कायम की। डिजिटल के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

### बॉबी ने दून में निकाली अंतिम प्रहार रैली

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ रहे बॉबी पंवार ने दून में श्अंतिम प्रहार रैलीश से दमखम दिखाया। रैली में युवाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। सभाओं में बॉबी ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, मूल निवास और भू–कानून को मुद्दा बनाया।

देहरादून में चकराता रोड स्थित बिंदाल पुल के समीप मंगलवार को बॉबी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और अंतिम प्रहार रैली निकाली। बाइक रैली बिंदाल पुल से घंटाघर, पलटन बाजार, राजा रोड, तहसील चौक, दर्शन लाल चौक होते हुए रेंजर्स ग्राउंड तक पहुंची। रेंजर्स ग्राउंड में सभा को संबोधित करते हुए बॉबी ने श्अपना बूथ, सबसे मजबूतश का संकल्प लेते हुए वोट मांगे और भाजपा–कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने परिवर्तन का मन बना दिया है। रैली के दौरान बॉबी का जगह–जगह स्वागत भी किया गया। प्रहार रैली में उत्तराखंड क्रांति दल, गौरव सेनानी मंच, राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी, टिहरी किसान समिति, कोविड कर्मचारी संगठन आदि संगठनों ने भागीदारी की।

# ड्यूटी के दौरान कोई भी मतदान केन्द्र पर मोबाईल लेकर न करें प्रवेश

**निर्देश**

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निर्वाचन ड्यूटी में लगे सुरक्षा कार्मिकों को ब्रीफ

**संवाददाता**

देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाईन रेसकोर्स में निर्वाचन ड्यूटी में लगे सुरक्षा कार्मिकों को ब्रीफ किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने सुरक्षा कार्मिकों ब्रीफ करते हुए कहा निष्पक्ष निर्विघ्न एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना निर्वाचन ड्यूटी में लगे प्रत्येक कार्मिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि



जिस कार्मिक की ड्यूटी जिस पार्टी के साथ लगी है वह समय से रवानगी स्थल पंहुचकर रिपोर्ट करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन की गोपनीयता भंग न हो इसका ध्यान रखें, ड्यूटी के दौरान कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र पर मोबाईल लेकर प्रवेश न करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें की निर्वाचन ड्यूटी के दौरान किसी व्यक्ति, संस्था, आदि से किसी प्रकार की सामग्री यथा भोजन, चाय अथवा कोई भी वस्तु न ले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस प्रकार की भूल बहुत बड़ा मुद्दा बन जाती है। प्रशासन द्वारा पोलिंग पार्टीयों को रखने, खाने, परिवहन की समस्त व्यवस्थाए की गई है। सभी कार्मिकों को प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का ही उपयोग करना है।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सुरक्षा ड्यूटी में लगे कार्मिकों को ब्रीफ करते हुए अपनी पोलिंग पार्टियों से समन्वय करते हुए मतदान प्रक्रिया में सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखें , मतदान केन्द्र पर निर्वाचन की गोपनीयता बनी है इस पर तत्पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर पुलिस के सम्बन्धित अधिकारी एवं सुरक्षा कार्मिक उपस्थित रहे।

### आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ने मसूरी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली के लिए गांधी चौक को जनसभा स्थल बनाए जाने का आचार संहिता का उल्लंघन करार दिया है। कहा कि इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को असुविधा हुई। उन्होंने इस मामले में भाजपा पर कार्रवाई की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों द्वारा इसकी लिखित शिकायत चुनाव आयोग से करने जा रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग है। गंगोत्री, यमुनोत्री के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, केम्पटी फॉल आदि स्थानों के लिए यह सड़क जाती है और सोमवार को इस सड़क के प्रमुख चौक पर भाजपा की रैली के लिए मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।